ओम् शान्ति दिंनाक-11-3-21 मधुबन

प्राणप्यारे अव्यक्त बापदादा की अति स्नेही, मीठी टीचर्स बहिनें तथा देश विदेश के सर्व ब्राह्मण कुल भूषण भाई बहिनें,

ईश्वरीय मधुर याद प्यार स्वीकार करना जी।

बाद समाचार - प्यारे बापदादा की साक्षात मूर्त, मीठी दादी हृदयमोहिनी जी, जिन्होंने पूरे ब्राह्मण परिवार के दिलों पर राज्य किया। बापदादा का साकार माध्यम बन प्रभू मिलन करवाया। दिव्य दृष्टि के वरदान द्वारा अव्यक्त वतन के अनेक रहस्य स्पष्ट किये। आज वह 85 वीं त्रिमूर्ति शिव जयन्ती के महान पर्व पर हम सबके बीच से विदाई ले बापदादा की गोद में समा गई। उनके पार्थिव शरीर को मुम्बई से मधुबन में एयर एम्बूलेंस द्वारा मानपुर हवाई पट्टी पर लेकर आ रहे हैं। उनके शरीर को ससम्मान फूलों से सज़ी हुई गाड़ी पर रखकर दादी कॉटेज (शक्ति भवन में) लेकर आयेंगे। उन्हें कुछ समय वहाँ पर मुख्य भाई बहिनों द्वारा श्रंधाजलि अर्पित की जायेगी। तत्पश्चात पूरे बी.के. परिवार के दर्शनार्थ कान्फ्रेन्स हाल की स्टेज पर रखा जायेगा। आज पूरी रात वहाँ विशेष श्रंधाजलि तथा योग का कार्यक्रम चलता रहेगा।

कल 12 तारीख शुक्रवार 2021, प्रात: 8 बजे - दादी जी के पार्थिव शरीर को पाण्डव भवन में लेकर जायेंगे। वहाँ छोटे हाल में बी.के. परिवार के दर्शनार्थ रखा जायेगा। उसके बाद चारों धामों की यात्रा कराते ग्लोबल हॉस्पिटल, ज्ञान सरोवर की परिक्रमा दिलाई जायेगी। वहाँ सभी भाई बहिनें अपनी भाव-भीनी श्रंधाजलि अर्पित करेंगे। वहाँ से पुन: शान्तिवन के कान्फ्रेन्स हाल में रखा जायेगा। 12 तारीख दोपहर से पूरी रात योग भट्ठी का कार्यक्रम चलता रहेगा, आने वाले भाई बहिनें अन्तिम दर्शन करते रहेंगे।

13 तारीख सवेरे 10 बजे शान्तिवन में ही शक्ति भवन के सामने के बगीचे में उनके पार्थिव शरीर का अन्तिम संस्कार किया जायेगा। उसके पश्चात दोपहर 12 बजे प्यारे बापदादा को भोग स्वीकार कराया जायेगा।

विशेष नोट

1- राजस्थान सरकार ने कोरोनाकाल के कारण काफी प्रतिबन्ध लगाये हुए हैं, इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि आप अपने-अपने स्थानों पर विशेष योग का सहयोग देना जी। कुछ मुख्य वरिष्ठ भाई बहिनें ही अपने साधनों द्वारा शान्तिवन पहुंचेंगे। अधिक संख्या में लोगों को एकत्र होने की स्वीकृति नहीं है।

2- अन्तिम संस्कार ज्ञान सरोवर के बजाए शान्तिवन में होगा।

अच्छा - सभी को बहुत-बहुत याद...

ईश्वरीय सेवा में,

B.K. Ratan Mohini

(बी.के.रतनमोहिनी)